# The World Awakening Mission of Canada
# SATSANG PRAYERS

वक्रतुण्ड महाकाय: सूर्यकोटि समप्रभ: |
निर्विघ्नं कुरु मे देवो सर्वकार्येषु सर्वदा ||
Ganpati Bhagwan ki Jai

ॐ भूर् भुवः स्वः। तत् सवितुर्वरेण्यं।
भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात् ॥
3 times

ॐ गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरः
गुरुः साक्षात्परब्रह्मा तस्मै श्री गुरुवे नमः
3 times

ॐ त्र्यंबकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर् मुक्षीय माऽमृतात्
3 times

ॐ नमः शिवाय ॐ नमः शिवाय ॐ नमः शिवाय

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने |
प्रनतः कलेशा नाशाय गोविन्दाय नमो नमः ||
आपदामपहर्तारं दातारां सर्वसम्पदाम्।
लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो-भूयो नामाम्यहम्॥१॥

सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥

या देवी सर्वभुतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥
या देवी सर्वभुतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥
या देवी सर्वभुतेषु मातृरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥
या देवी सर्वभुतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥
................................................
है प्रार्थना गुरुदेव से, ये स्वर्ग सम संसार हो,
अतिउच्च्तम् जीवन बने, परमार्थमय व्यवहार हो,
ना हम रहें अपने लिए, हमको सभी से गर्ज़ है,
गुरुदेव ये आशीष दें, जो सोचने का फ़र्ज़ है |

हम हों पुजारी तत्व के, गुरुदेव के आदेश के,
सच प्रेम के, नित नेम के, सद्धर्म के, सत्कर्म के,
हो चीढ़ झूठी राह की, अन्याय की, अभिमान की,
सेवा करन को दास की, परवाह नहीं हो जान की |

छोटे न हों हम बुद्धि से, हों विश्वमय से ईशमय,
हों राममय और कृष्णमय, जगदेव में जगदीश मय,
हर इन्द्रियों पर ताव कर, हम वीर हों अति धीर हों,
उज्जवल रहें सर से सदा, निज धर्म रत खंबीर हों |

अति शुद्ध हों आचार से, तन-मन हमारा सर्वदा,
आध्यात्म की शक्ति हमें, पल भर नहीं कर दे जुदा,
इस अमर आत्मा का हमें, हर श्वास भर में ग़म रहे,
ग़र मौत भी आ गयी, सुख-दुःख हमसे सम रहे |

"हे गुरुदेव, हम सबको सद्बुद्धि दे, सत्कर्तव्य करने की प्रवृत्ति दे,
सच बोलने का अभ्यास दे,सच स्वरुप का ज्ञान दे"

ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय |
............................................

**Guru Arti**

ऐ मेरे गुरुदेव करुणा सिंधु करुणा कीजिये ।

हूँ अधम आधीन अशरण , अब शरण में लीजिये।

खा रहा गोते हूँ मैं , भवसिंधु के मंझधार में ।

आसरा है दूसरा कोई न अब संसार में।

ऐ मेरे गुरुदेव करुणा सिंधु करुणा कीजिये ।

मुझमें है जप तप न साधन और नहीं कुछ ज्ञान है।

निर्लज्जता है एक बाकी और बस अभिमान है।

ऐ मेरे गुरुदेव करुणा सिंधु करुणा कीजिये ।

पाप बोझे से लदी नैया भंवर में आ रही।

नाथ दौड़ो अब बचाओ जल्दी डूबी जा रही।

ऐ मेरे गुरुदेव करुणा सिंधु करुणा कीजिये ।

आप भी यदि छोड़ देंगे फिर कहाँ जाऊँगा मैं ।

जन्म दुःख से नाव कैसे पार कर पाऊंगा मैं।

ऐ मेरे गुरुदेव करुणा सिंधु करुणा कीजिये ।

सब जगह हमने भटक कर ली शरण अब आपकी।

पार करना या ना करना दोनों मर्ज़ी आपकी ।

ऐ मेरे गुरुदेव करुणा सिंधु करुणा कीजिये।

हूँ अधम आधीन अशरण , अब शरण में लीजिये।

……………………………………………………………

आओ भोग लगाओ मेरे मोहन, आओ भोग लगाओ मेरे मोहन!

दुर्योधन को मेवा त्यागो, साग विदुर घर खायो मेरे मोहन,

आओ भोग लगा ओ प्यारे मोहन…

भिलनी के बैर सुदामा के तंडुल, रूचि रूचि भोग लगाओ मेरे मोहन...

आओ भोग लगाओ प्यारे मोहन...

ऐसा भोग लगाओ मेरे मोहन, सब अमृत हो जाये प्यारे मोहन,

आओ भोग लगाओ प्यारे मोहन...

जो कोई ऐसा भोग को खावे, वह भी अमर हो जाये प्यारे मोहन,

आओ भोग लगाओ प्यारे मोहन, आ ओ भोग लगाओ प्यारे मोहन!

..........................................................................................

त्वमेव माता च पिता त्वमेव । त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव ।

त्वमेव विद्या द्रविणम् त्वमेव । त्वमेव सर्वम् मम देव देव ॥

..................................................................

ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद्दुःखभाग्भवेत् ।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

........................................................................................

**Shanti Path**

ॐ द्यौ: शान्तिरन्तरिक्षंशान्ति, पृथ्वी शान्तिराप: शान्तिरोषधय: शान्ति:।
वनस्पतय: शान्तिर्विश्वे देवा: शान्तिर्ब्रह्मशान्ति,सर्वँशान्ति:, शान्तिरेवशान्ति,

सा माशान्तिरेधि॥

ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति:॥

*********************************************

You are welcome to sponsor preeti bhoj or request a special Satsang:

**Contact information:**

WAM Canada (647) 760 0783; (647) 855 9239;  (416) 550 7221

**Email:** wam.northamerica@gmail.com

**For Contributions:** Etransfer to wam.northamerica@gmail.com

**Follow Us on Facebook:** https://www.facebook.com/vjmcanada

**Follow HH Sudhanshu Ji Maharaj and Dr. Archika Didi** on all social media platforms.